1822/29-06-2021

**दिनांक–25.06.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

दिनांक–25.06.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में जिलों के लिए प्राधिकृत नोडल पदाधिकारी, एन0आई0सी0 एवं आई0टी0 सेल की उपस्थिति में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के साथ जिलों में एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षात्मक बैठक की गई, जिसके मुख्य बिन्दु निम्नवत है:–

1. **जिलों एवं एजेंसियों के कार्यालय की स्थापना एवं कार्यबल के साथ ETS की उपलब्धता :–** हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0 द्वारा बैठक में बताया गया कि एजेंसी को आवंटित सभी जिलों में कार्यालय खोलकर तत्काल एक–एक ETS उपलब्ध करा दिया गया है। IIC एजेंसी द्वारा बताया गया कि आगामी माह से सभी आवंटित जिलों में दो–दो ETS मशीन उपलब्ध करा दिए जाएंगे। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि जिलों में ग्राम सीमा निर्धारण के क्रम में विगत सर्वेक्षण के मानचित्र एवं वर्त्तमान विशेष सर्वेक्षण मानचित्र में प्रदर्शित ग्राम सीमा रेखा को आधार बनाने को लेकर कुछ समस्याएँ हैं, जिनका निराकरण किया जाना आवश्यक है। निदेशित किया गया कि इस सम्बन्ध में नोडल पदाधिकारी विशेष सर्वेक्षण शाखा के साथ मिलकर समस्या का निराकरण करेंगे। नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बांका में GISC एजेंसी के कार्यालय द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। साथ ही सभी जिलों में आवश्यकता के अनुरूप ETS एवं एजेंसी के कर्मी की अनुपलब्धता के कारण यदि विशेष सर्वेक्षण कर्मी के कार्य में बाधा आती है तो इसका उत्तरदायित्व एजेंसी का होगा और इस कारण हुई वित्तीय क्षति की भरपाई एजेंसी के भुगतान से की जाएगी।

   इस संबंध में विशेष सर्वेक्षण शाखा द्वारा बताया गया कि एजेंसी के कारण जिलों के कार्य प्रगति में आ रही बाधा को देखते हुए एजेंसी को किए जाने वाले भुगतान में कटौती का प्रस्ताव तैयार किया गया है। निदेशित किया गया कि तैयार किए गए प्रस्ताव के अनुरूप कटौती की जाने वाली राशि के एजेंसीवार निर्धारित कर यथाशीघ्र प्रस्ताव समर्पित किया जाए।

2. **एजेंसी द्वारा प्रक्रमवार मानचित्रों की प्राप्ति एवं आपूर्ति :–** उपस्थित सभी नोडल पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि एजेंसी द्वारा प्रक्रमवार प्राप्त किए जाने वाले मानचित्रों को अपडेट करने का कार्य ससमय नहीं किया जा रहा है। बांका, लखीसराय एवं बेगूसराय इत्यादि में एजेंसी द्वारा मानचित्र अपडेट नहीं किए जाने के कारण कार्य में बाधा आ रही है। हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया कि एजेंसी द्वारा अपडेट कर नक्शा आपूर्ति की समय–सीमा प्रक्रमवार अलग–अलग निर्धारित की जाए, चुंकि त्रि–सिमाना/ग्राम सीमा निर्धारण संबंधी अपडेट नक्शा की तुलना में किस्तवार/खानापुरी अपडेटेड नक्शा की आपूर्ति करने में अधिक समय लगता है।

   सभी उपस्थित नोडल पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी जिलों के कार्यरत प्रत्येक ग्राम की सूची संधारित करते हुए स्पष्ट रूप से आई0टी0 सेल द्वारा तैयार प्रपत्र में प्रतिवेदन तैयार किया जाए कि किस ग्राम का मानचित्र बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा किस तिथि को एजेंसी समर्पित किया गया और एजेंसी द्वारा किस तिथि को वापस किया गया। विशेष सर्वेक्षण शाखा/जी0आई0एस0 द्वारा अलग–अलग प्रक्रमवार आपूर्ति किए जाने वाले नक्शों की आपूर्ति करने का समय निर्धारित किया जाए।

3. **भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में नक्शा का संधारण :–** बैठक में एजेंसियों द्वारा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में नक्शा संधारित करने की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि IL&FS द्वारा 49 और GISC द्वारा 7 नक्शों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में की गई है। एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा NIC से अनुरोध किया गया कि एक साथ कई ग्रामों का नक्शा संधारित करने की सुविधा सॉफ्टवेयर में दी जाए क्योंकि एक–एक ग्राम का नक्शा अपलोड करने में समय अधिक लगता है। NIC द्वारा स्पष्ट किया गया कि ऐसा किया जाना संभव नहीं है। समीक्षा में स्पष्ट हुआ कि सॉफ्टवेयर में एजेंसी द्वारा प्रारंभिक स्तर के नक्शों को संधारित किया गया है।

एजेंसी और एन0आई0सी0 से विमर्शोपरांत तय किया गया कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में संधारित प्रारंभिक स्तर के नक्शों को हटाकर, जिन 32 ग्रामों का खानापुरी अपडेटेड नक्शा तैयार हो गया है, उन्हें यथाशीघ्र संधारित कर दिया जाए। एन0आई0सी0 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सॉफ्टवेयर में Multiple Stage के नक्शा को एक साथ संधारित करने की व्यवस्था नहीं है। किसी प्रक्रम के आगामी प्रक्रम के नक्शा को संधारित करने पर पूर्व प्रक्रम का नक्शा स्वतः विलोपित हो जाता है। भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के उपयोग में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में आई0टी0 सेल द्वारा बैठक में उपस्थित एन0आई0सी0 के तकनीकी निदेशक को विस्तार से बताया गया। एन0आई0सी0 द्वारा बताया गया कि सभी कठिनाइयों के संबंध में लिखित निवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

4. **जिन क्षेत्रों की हवाई फोटोग्राफी नहीं हुई है उनका HSRI इमेज उपलब्ध कराने के संबंध में :–** उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से पृच्छा की गई कि जिन क्षेत्रों में सुरक्षा एवं अन्य कारणों से हवाई फोटोग्राफी का कार्य नहीं हो पाया है वहाँ का HSRI इमेज तैयार करने के संबंध में एजेंसियों द्वारा निदेशालय को कोई प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है। एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि निदेशालय के पत्रांक–1330 दिनांक–24.08.2018 द्वारा हवाई सर्वेक्षण एजेंसी IIC एवं IL&FS को निर्गत पत्र में कुल 4168 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र का मानचित्र HSRI तकनीक से DOLR द्वारा निर्धारित दर पर तैयार करने की अनुमति दी गई थी। एजेंसियों द्वारा दर को स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया।

5. **अन्यान्य :–** बैठक में उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी GISC द्वारा नवादा जिले में समर्पित किए गए नक्शा के विरूद्ध लंबित विपत्र का भुगतान करने का अनुरोध किया गया। IIC एवं IL&FS एजेंसी के प्रतिनिधियों को संयुक्त रूप से अनुरोध किया गया कि यदि IL&FS द्वारा IIC को उसके निकटवर्ती जिले में वर्तमान में कुछ ETS उपलबध करा दिए जाते हैं तो विशेष सर्वेक्षण के कार्य में गति आ सकती है। सभी एजेंसियों को निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों में खानापुरी Updated मानचित्र समर्पित कर दिए गए हैं उनकी सूची तैयार नोडल पदाधिकारियों को उपलब्ध करा दिया जाए। साथ मानचित्र में GIS लेयर के संधारण में कोई समस्या आती है तो GIS सलाहकार से समन्वय स्थापित कर उनका समाधान किया जाए।

**अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1822...... पटना, दिनांक :–29-06-2021

**प्रतिलिपिः–** सभी संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1822...... पटना, दिनांक :–29-06-2021

**प्रतिलिपिः–** विशेष सर्वेक्षण के लिए चयनित बीस जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1822...... पटना, दिनांक :–29-06-2021

**प्रतिलिपिः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1822...... पटना, दिनांक :–29-06-2021

**प्रतिलिपिः–** सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1822...... पटना, दिनांक :–29-06-2021

**प्रतिलिपिः–** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
29/6/21